सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:३ डार्की

कठिन शब्द

१-चारागाह

२-दुलत्तियाँ

३-न्योछावर

४-डार्की

५-छलाँगें

६-सुंदरता

७-छबीला

८-सौभाग्य

९-स्वभाव

१०-चाबुक

११-दुष्ट

१२-टॉर्च

१३-धन्यवाद

१४-अश्रुपूर्ण

१५-खुशियाँ

लघूत्तरीय प्रश्न

उ०१-डार्की को दौड़ते और छलाँगें लगाते देखकर लोग यह कहते थे कि वाह कितना चुस्त और छबीला घोड़ा है।

उ०२-थोड़ा बड़ा होने पर डार्की के रंग रूप में थोड़ा और निखार आ गया था । शरीर के मुलायम बाल और माथे का टीका उसकी सुंदरता को और बढ़ा रहे थे।

उ०३-सैमसन नए मालिक का बेटा था । उसने क्रोध में आकर ब्लैक ब्यूटी को चाबुक से बुरी तरह पीटा था।

उ०४-डार्की को देखने मिस्टर राइडर आए थे। उसे देखकर उन्होंने बोला कि अगर यह काला घोड़ा सध गया, तो गजब ढाएगा।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उ०१-डार्की की माँ ने उसे उसके बाप - दादा के बारे में यह बताया कि वे लोग बड़े घराने के हैं उनके बाप - दादा ने बड़ा नाम कमाया है और ढेरों इनाम जीते हैं।

उ०२-डार्की का मालिक बहुत दयालु था । वह उसकी माँ को अच्छा दाना -चारा देता, उसे भी अपने हाथों से रोटी खिलाता। उसने डार्की को विदा करते हुए कहा कि तुम जहाँ जा रहे हो, मन लगाकर काम करना और मेहनत से जी न चुराना ।

उ०३-पुल पर खतरे का आभास होते ही ब्लैक ब्यूटी रुक गया। तभी पता चला कि आगे पुल टूटा हुआ है ,तब वह मालिक को सड़क से होते हुए घर ले आया।

उ०४-मालिक के प्राण बचाने के बाद ब्लैक ब्यूटी को बहुत अच्छा भोजन , बेहद प्यार और इतनी खुशियाँ मिलीं कि जिसे वह जीवन भर नहीं भूल सकता।

उ०५-मिस्टर राइडर ने अपने बेटे सैमसन को जानवरों के बारे में यह बात समझाई कि जानवर भी प्रेम के भूखे होते हैं , उन्हें प्रेम से ही साध सकते हैं इससे उनकी दयालुता का पता चलता है।

रिक्त स्थान

१-थोड़ा बड़ा होने पर मेरी सुंदरता में और निखार आया।

२-सौभाग्य से मेरे नए मालिक मिस्टर राइडर भी बहुत अच्छे थे।

३-पुल के बीच का हिस्सा पानी में डूबा हुआ था।

४-उन्होंने मेरी सूझबूझ के लिए मेरा लाख-लाख धन्यवाद किया।

५-मालकिन ने अश्रुपूर्ण आँखों से मेरी ओर देखा।

वाक्य प्रयोग

१-न्योछावर (अर्पित)

मैं देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करना चाहता हूँ।

२-निहाल (प्रसन्न)

इतने वर्षों के बाद दादी मुझे अपने सामने पाकर निहाल हो गईं।

३-सौभाग्य (अच्छी किस्मत)

सौभाग्य से उसे बहुत अच्छी नौकरी मिल गई है।

४-अश्रुपूर्ण (आँसुओं से भरी)

सभी ने शहीद हुए सैनिक को अश्रुपूर्ण विदाई दी।